DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI DATED THURSDAY, JULY 21, 2022

# Deck up Delhi to mark 75th year of freedom, says LG

Times News Network

**New Delhi:** To ensure all roads, flyovers, roundabouts, markets and school and hospital buildings are decked up and illuminated for the celebrations of Azadi Ka Amrit Mahotsav – 75 years of India's freedom – lieutenant governor VK Saxena has issued detailed directions to urban local bodies of the city.

The directions came days after Union home minister Amit Shah chaired a meeting of governors, lieutenant governors, chief ministers and administrators of all union territories to take stock of the preparations. The LG also held a meeting with chief secretary and senior officials of all the urban local bodies on Tuesday.

In the run-up to the Independence Day celebrations, the Central government is launching 'Har Ghar Tiranga' (a Tricolour in every house) campaign on July 22. Not only all prominent places will be decked up with the colours of the national flag, all employees of the urban local bodies will have the Tricolour pinned on their lapels on August 15 fostering the nationalistic and celebratory fervour, Raj Niwas officials said.

According to the officials, New Delhi Municipal Council and Municipal Corporation of Delhi have been asked to identify prominent roads such as Sardar Patel Marg and Shanti Path and important market areas in their respective jurisdiction to be decorated with the Tricolour to give a celebratory look from August 13 to August 15. Delhi Development Authority will carry out a similar exercise in the markets owned and controlled by it.

> **AN OFFICIAL SAYS**
>
> **Directions have been issued to ensure that the national flag appears on the home page of all websites of various government departments and undertakings**

Raj Niwas officials said that all departments of the Delhi government, MCD, NDMC, DDA and Delhi Police have been asked by the LG to make "concerted efforts" for popularising the 'Har Ghar Tiranga' initiative by ensuring maximum people's participation.

"A special information and communication campaign will be launched on July 22 for public awareness and 'prabhat pheris' by school students will be organised from August 11 to 14," said the official.

"Directions have also been issued to ensure that the national flag appears on the home page of all websites of various government departments and undertakings with effect from July 22," the official added.

# 'Realty projects spread over 500 sqm required to be registered'

Dipak.Dash@timesgroup.com

**New Delhi:** Rera chairman Anand Kumar has said that the law requires all real estate projects, including that of the government agency DDA, spread over more than 500 square metres or if the number of units on any plot is eight or more to be registered.

During an interactive session organised by CII-Delhi on Tuesday evening, Kumar said the law empowers the regulator to act against those who fail to do so. "We have given orders asking DDA to register with us... DDA has challenged it before the appellate authority. The development authorities must own it up, own up their responsibilities," Kumar told **TOI**.

DDA, which also comes under direct control of the Centre, has challenged the provision in Rera, which makes it mandatory for all real estate developers, including government authorities, to register their projects for sale with the respective regulators in the state.

The developments in Delhi could also set a precedent for other states, where government agencies may not be registering their projects with Rera.

Kumar said, "DDA or any development authority is going to sell the flats or commercial units after completing them. The Rera has the prime objective to protect the interest of buyers. After all, the DDA or any other government entity is utilising public funds to take up such projects. Another important aspect is transparency and efficiency. Under Rera, the developer or builder who hands over a building or apartment, is responsible to maintain the quality for five years."

# DDA challenges Rera directive on mandatory registration

**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) has challenged Rera's move to mandate registration of its residential and commercial projects in the national capital, the chief of Delhi's real estate regulator has said, **reports Dipak Dash.**

The development may set the stage for a confrontation as Rera chairman Anand Kumar said that any player who is into real estate development — whether a development authority like DDA or Delhi State Industrial and Infrastructure Development Corporation Ltd (DSIDC) — must get registered with the regulatory body.

▶**Realty projects, P 5**

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS दैनिक जागरण नई दिल्ली, 2------DATED------

# अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगी नजर आएगी राजधानी

## एलजी ने हर घर तिरंगा अभियान को यादगार बनाने के दिए निर्देश

- एनडीएमसी, निगम व डीडीए सड़कों, महत्वपूर्ण बाजारों को करेंगे तिरंगामय
- सभी सरकारी विभागों को अपनी बेवसाइट पर दिखाना होगा तिरंगा

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : 15 अगस्त 2022 को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राजधानी को राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। शुक्रवार से 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हो रही है। शहर की प्रमुख सड़कें, मार्केट, फ्लाईओवर, गोल चक्कर और नगर निकाय के सभी स्कूल व अस्पतालों को भी राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। नगर निकायों के सभी कर्मचारी अपने कंधे/सीने पर तिरंगा लगाएंगे।

इस बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गत रविवार 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राज्यपालों और उपराज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों के साथ बैठक हुई थी। इसके बाद उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने कार्यक्रम को यादगार बनाने को संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए हैं।

एनडीएमसी और निगम को अपने अधीन प्रमुख सड़कों जैसे सरदार पटेल मार्ग और शांति पथ के साथ ही उनके क्षेत्र में आने वाले बाजारों की पहचान जल्द करने को कहा गया है, ताकि 13 से 15 अगस्त तक इन्हें तिरंगामय किया जा सके।

इस अवधि में एनडीएमसी के क्षेत्र में आने वाले फ्लाईओवरों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया जाएगा। साथ ही नगर निगम के स्कूलों और अस्पतालों को सजा कर उनके प्रांगण में 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। शहरी नगर निकायों के सभी पद एवं रैंक के कर्मचारी इस दौरान स्वतंत्रता दिवस तक अपने कंधे/सीने पर तिरंगा लगाएंगे। उन्हें इन छोटे तिरंगों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

शहरी नगर निकाय अपने क्षेत्र के प्रमुख गोल चक्करों की पहचान कर विभिन्न माध्यमों जैसे-फ्लोरल बोर्ड्स, झंडे एवं रोशनी के माध्यम से तिरंगे का प्रदर्शन करेंगे। उपराज्यपाल ने निगम, एनडीएमसी, डीडीए व दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त दिल्ली सरकार के सभी विभागों को 'हर घर तिरंगा' अभियान में जनभागीदारी की पहल सुनिश्चित करते हुए इसे लोकप्रिय बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए।

11 अगस्त से 14 अगस्त तक स्कूली छात्र-छात्राओं की ओर से प्रभात फेरियां भी निकाली जाएंगी। सभी सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को अपनी बेवसाइट के होम पेज पर शुक्रवार से राष्ट्रीय तिरंगा प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश उपराज्यपाल सचिवालय की ओर से मुख्य सचिव, एनडीएमसी के अध्यक्ष, निगम के विशेष अधिकारी, डीडीए के उपाध्यक्ष एवं निगमायुक्त के साथ बुधवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद जारी किए गए।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 21 जुलाई 2022
D------------

# तिरंगे से रंगी नजर आएगी दिल्ली, एलजी ने दिए खास निर्देश

## 22 जुलाई से विशेष प्रचार अभियान शुरू होगा

■ विस, नई दिल्ली : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 22 जुलाई से 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू होने जा रहा है। इस दौरान पूरी दिल्ली तिरंगे झंडे के रंगों में रंगी नजर आएगी। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एमसीडी, एनडीएमसी और डीडीए को विशेष निर्देश दिए हैं।

एलजी ने कहा है कि इस साल 15 अगस्त को देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को देखते हुए पूरी दिल्ली में खास इंतजाम किए जाएं और सभी प्रमुख जगहों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में रंगा जाए।

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सभी राज्यों के राज्यपालों, उप-राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों के साथ हुई बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास करने का आग्रह किया गया था। उसी के बाद एलजी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। एलजी ने 22 जुलाई से शुरू होने जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों, फ्लाईओवरों गोल चक्करों, नगर निकायों के सभी स्कूलों व अन्य महत्वपूर्ण इमारतों को तिरंगे के रंगों में सजाने के निर्देश सभी एजेंसियों को दिए हैं। नगर निकायों के सभी कर्मचारियों को भी तिरंगे झंडे वाला बैज लगाने के लिए कहा गया है। एनडीएमसी और एमसीडी को सड़कों, बाजारों, फ्लाईओवरों की पहचान करके 13 से 15 अगस्त तक तिरंगे के रंगों से सजाने के लिए कहा गया है।

## 500 स्क्वायर मीटर से बड़े प्रोजेक्ट कराएं रजिस्टर : रेरा

■ विस, नई दिल्ली: राजधानी में प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त में बढ़ रही धोखाधड़ी को देखते हुए रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी कमिटी) दिल्ली ने साफ किया है कि 500 स्क्वायर मीटर व इससे बड़े सभी रिहायशी प्रोजेक्ट रेरा में रजिस्टर्ड होने चाहिए। सीआईआई के एक कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि रियल डिवेलपमेंट सेंटर से जुड़े सभी विकास प्राधिकरण चाहे वह डीडीए हो या डीएसआईडीसी या फिर कोई और उसे रेरा में अपने प्रोजेक्ट जरूर रजिस्टर्ड करवाने चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि अगर वे ऐसा नहीं करते तो रेरा उन पर सेक्शन 59 और 60 के अधीन कार्रवाई कर सकता है।

दैनिक जागरण

# निगम ने डेंगू के खिलाफ चलाया जांच और जागरूकता अभियान

वि., नई दिल्ली : राजधानी में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर निगम ने विशेष जांच और जागरूकता अभियान शुरू किया है। मानसून को देखते हुए निगम के बुधवार को निगम ने एडीज मच्छर को लेकर विशेष निगरानी व जांच अभियान चलाया। एडीज मच्छर का प्रजनन छोटे बर्तनों, ढक्कन, कबाड़, टायरों व अन्य जगहों पर वर्षा जल संचयन के कारण होता है।

निगम ने पश्चिमी, दक्षिणी व मध्य क्षेत्र में सरकारी प्रतिष्ठानों पर वहां कार्य करने वाले अधिकारियों जैसे विद्यालयों में शिक्षकों, अस्पतालों में डाक्टरों, पुलिसकर्मियों, सरकारी निर्माण स्थलों पर काम करने वाले कर्मचारियों, मेट्रो स्टेशन प्रभारियों और नोडल अधिकारियों को विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत मच्छरों के प्रजनन के बारे में अवगत कराया।

इसके तहत 902 सरकारी दफ्तरों, परिसरों, कालोनियों, विद्यालयों, फ्लैटों, कार्यालय व पार्क में मच्छरों के प्रजनन की जांच कर उन्हें नष्ट किया गया। इस दौरान केंद्रीय सरकारी कार्यालय, डीडीए कार्यालय, दिल्ली सरकार के कार्यालय, दिल्ली पुलिस के कार्यालय,दिल्ली मेट्रो कार्यालय, डीटीसी डिपो, रेलवे कालोनी, बीएसएनएल व एमटीएनएल कार्यालय में मच्छरों का प्रजनन पाया गया। इन जगहों पर 105 टंकियां बिना ढक्कन के पाई गईं। केशोपुर मंडी, जलबोर्ड कार्यालय पंजाबी बाग, पुलिस चौकी रघुबीर नगर, राजीव रत्न आवास, नवादा मेट्रो स्टेशन, डेजी डेल श्याम विहार, सर्वोदय बाल विद्यालय पालम, सीआरपीएफ विद्यालय द्वारका सेक्टर 16, बाढ़ नियंत्रण नाला इंद्रा पार्क, द्वारका सेक्टर 12 व 17 में स्थित दिल्ली सरकार की डिस्पेंसरी, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी साध नगर, गोला डेरी, जल बोर्ड कार्यालय द्वारका सेक्टर 12 में मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान में 76 कानूनी नोटिस और 30 अभियोजन दायर किए गए हैं। जीजीएसएस नंबर एक विद्यालय पश्चिमपुरी मार्केट दो का मौके पर ही चालान किया गया और केंद्रीय विद्यालय द्वारका सेक्टर पांच व खैरा गांव के सरकारी विद्यालय से प्रशासनिक शुल्क के रूप में 25 सौ रुपये वसूले गए।

दैनिक जागरण

# रेरा के पास कराना होगा डीडीए को परियोजनाओं का पंजीकरण : चेयरमैन

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली रेरा के चेयरमैन आनंद कुमार ने कहा है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) सहित रियल एस्टेट विकास से जुड़े सभी संगठनों को रियल एस्टेट नियमन प्राधिकरण (रेरा) के पास परियोजनाओं का पंजीयन जरूर कराना चाहिए। ऐसा नहीं करने वाले संगठनों के खिलाफ कदम उठाने का भी अधिकार प्राधिकरण को मिला हुआ है। कुमार मंगलवार को भारतीय उद्योग परिसंघ और दिल्ली राज्य रियल एस्टेट उप समिति की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा रेरा अधिनियम के अनुरूप दिल्ली रेरा प्राधिकरण का गठन नवंबर 2018 में किया गया था। यह दिल्ली के रियल एस्टेट क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के नियमन के लिए उत्तरदायी है। दिल्ली में कोई भी संगठन रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़ा है तो उसे हमारे पास पंजीकरण कराना ही होगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED------------------------



# टी-3 हुआ जलमग्न, सात विमान डायवर्ट

- टी-3 के आगमन, पार्किंग व एयर साइड पर भरा वर्षा का पानी
- डायवर्ट विमानों में छह जयपुर तो एक विमान को भेजा गया इंदौर

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** वर्षा के कारण आइजीआइ एयरपोर्ट पर अव्यवस्था छायी रही। इस दौरान सात विमानों को डायवर्ट किया गया। एक ओर विमानों के टेकआफ व लैंडिंग के लिए तय समय में विलंब हुआ तो दूसरी ओर एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा जलभराव से निपटने के तमाम दावों की पोल खुल गई। भारी वर्षा के कारण टर्मिनल-3 के बाहरी हिस्से व टर्मिनल के एयर साइड (टर्मिनल का टैक्सी वे की ओर वाला हिस्सा) वाले हिस्से में पानी भर गया। जलभराव बढ़ता देख डायल के कर्मचारी सक्रिय हुए। कुछ जगहों पर पानी निकालने के लिए पंप का भी इस्तेमाल किया गया।

एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि वर्षा के कारण अलग-अलग जगहों की ओर प्रस्थान व अलग अलग जगहों से आने वाली उड़ानों में आधे से एक घंटे का विलंब हुआ। डायवर्ट किए गए विमानों में छह जयपुर तो एक विमान को इंदौर डायवर्ट किया गया। ये विमान मुंबई, श्रीनगर, जयपुर, पुणे, लेह से नई दिल्ली आ रहे थे।



आइजीआइ एयरपोर्ट के टी-3 पर पानी हटाते कर्मचारी• सौ. सुधी पाठक

## जल निकासी की व्यवस्था चरमराई

वर्षा के कारण आइजीआइ एयरपोर्ट की जलनिकासी से जुड़ी पूरी व्यवस्था चरमरा गई। टर्मिनल-3 के आगमन के बाहरी हिस्से में पानी भर गया। पानी देखते ही देखते पूरे कारीडोर में फैल गया। इसके बाद यह पानी आगमन के भीतरी हिस्से की ओर बढ़ता गया। वीआइपी पार्किंग में भी पानी भर गया। टर्मिनल के एयर साइड में भी पानी भरने लगा। यहां पंप लगाकर पानी निकाला गया। डायल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद जलभराव की समस्या से तत्कालिक तौर पर निजात पा ली।

## हर वर्ष मानसून के दौरान आइजीआइ एयरपोर्ट पर होता है जलभराव

हर वर्ष मानसून के दौरान आइजीआइ एयरपोर्ट पर जलभराव की समस्या मुंह चिढ़ाने लगती है। कई बार रनवे तक पानी से भर जाता है। पिछले वर्ष तो आलम यह रहा कि टर्मिनल 3 के बाहरी हिस्से में बारिश का पानी जमा हो गया। यह स्थिति एयरपोर्ट का प्रबंधन संभालने वाली एजेंसी डायल के लिए असहज करने वाली बात बन जाती है।

## समाधान के लिए बनाया जा रहा नाला

रुड़की स्थित आइआइटी के तकनीकी सहयोग से डीडीए द्वारा आइजीआइ व द्वारका स्थित भारत वंदना पार्क को एक नाले से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह नाला एयरपोर्ट को बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगा। वर्षा के दौरान एयरपोर्ट के विस्तृत क्षेत्र में जमा पानी को इस नाले के माध्यम से भारत वंदना पार्क स्थित जलाशय एकत्र किया जाएगा।

## तिहाड़ की कई जेलों में घुसा पानी

**जासं, पश्चिमी दिल्ली :** तिहाड़ जेल परिसर में बुधवार को जलभराव की समस्या सामने आई। इस समस्या से सबसे अधिक जेल संख्या एक को जूझना पड़ा। लोक निर्माण विभाग के कर्मियों ने यहां से पानी को निकलवाया। वर्षा के कारण जेल संख्या एक की ड्योढ़ी पर पानी जमा हो गया। यह पानी ड्योढ़ी (जेल में प्रवेश का मुख्य द्वार) के बाहर से अंदर की ओर आ रहा था। इस जेल की ड्योढ़ी बाहरी हिस्से के मुकाबले नीची है। इससे पानी ड्योढ़ी ड्योढ़ी होते हुए परिसर में दाखिल होने लगा। इससे परेशान जेलकर्मियों मामले से पहले जेल नियंत्रण कक्ष को अवगत कराया गया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को बुलाया गया। जलभराव की समस्या जेल संख्या दो व तीन में भी रही। कुछ जेलों की बैरक में भी पानी घुस गया। इस समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग नए सिरे से जेल में नालियों बनाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPERS THURSDAY, 21 JULY, 2022 | NEW DELHI

PREPARATIONS ARE ALSO UNDERWAY FOR INDEPENDENCE DAY

# Events galore to mark 'Har Ghar Tiranga' campaign starting today

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** Identification of roundabouts and markets to be decked up in the tricolour, prabhat pheris by school students, illumination of flyovers are some of the events planned to make the 'Har Ghar Tiranga' campaign beginning July 22 a memorable one, an official statement said on Wednesday.

The preparations are also underway for the 75th anniversary of India's Independence, said the L-G office's statement. Prominent roads in the city, markets, flyovers, roundabouts, and schools and hospitals of civic agencies will be decked up in the colours of the national flag, said the statement, adding that all employees of urban local bodies (ULB) will have the tricolour pinned on their lapels.

The directives come following a meeting chaired by Union Home Minister Amit Shah on Sunday which was attended by all Governors, Lt Governors, chief ministers and administrators of Union territories. The New Delhi Municipal Council (NDMC) and the Municipal Corporation of Delhi (MCD) will identify prominent roads like Sardar Patel Marg and Shanti Path, and important market areas in their respective jurisdictions to be decorated with the tricolour to give a celebratory look to the entire city from August 13 to August 15.

> NDMC and MCD have been asked to identify prominent roads and market areas in their respective jurisdictions to be decorated with the tricolour

The Delhi Development Authority (DDA) will carry out similar exercise in the markets owned and controlled by it.

The flyovers in the NDMC area will be illuminated in the colours of the national flag during this period, and municipal schools and hospitals will hoist the flag in their premises at a prominent location from August 13 to 15.

All employees of ULBs, irrespective of rank and designation, will wear lapel pins of the tricolour in the days running up to the 75th Independence Day and they will be encouraged to purchase these pins. ULBs will identify important roundabouts in their area for the display of tricolour through different means like floral boards, flags, and illumination in the colors of the national flag, said the statement.

All the departments of Delhi government, apart from MCD, NDMC, DDA and Delhi Police, have been asked by L-G V K Saxena to make concerted efforts for popularising the Har Ghar Tiranga' initiative by ensuring maximum people's participation. To ensure this, a special IEC campaign is scheduled to be launched on July 22 for public awareness and Prabhat Pheris' (early morning rounds) by school students will be organised from August 11 to August 14.

In addition to these, Saxena has also issued directions to ensure that the National Flag appears on the home page of all websites of various government departments and undertakings, with effect from July 22.

In a related development, several events to mark the 75th year of India's Independence, including tricolours being flown atop offices and residential buildings in the city, have been planned by the Delhi government to celebrate the special occasion, officials had said on Tuesday. The tricolour will be hoisted atop all small and large Delhi government offices. The city's resident welfare associations will be provided with tricolours that can be flown on top of housing societies and apartment buildings on August 15, they said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- the pioneer

# 'Har ghar Tiranga' campaign to begin from July 22

STAFF REPORTER
NEW DELHI

Beginning from July 22, the national Capital is to be painted in the colours of the national flag to mark 75 years of Independence. Main roads, markets, flyovers, roundabouts and all municipal schools and hospitals will also be painted in the colours of the national flag.

All employees of municipal bodies shall wear the Tricolour on their shoulder/chest. Delhi Lieutenant-Governor Vinai Kumar Saxena on Wednesday issued directions for "Har Ganga Tiranga" campaign starting from July 22.

Besides the L-G's office, the Delhi Government, too, plans to conduct a two-week-long cultural festival across the national Capital from August 1 to 15 this year.

A mega event with concerts and small programmes in different parts of the city will be organised. Apart from the events, Tricolours will be flown atop offices and residential buildings in the city as has been planned by the Delhi Government to celebrate the special occasion.

"The preparations are also underway for the 75th anniversary of India's Independence. Prominent roads in the city, markets, flyovers, roundabouts, schools and hospitals of civic agencies will be decked up in the colours of the national flag", said a statement from the L-G's office, adding that "all employees of urban local bodies (ULB) will have the Tricolour pinned on their lapels."

The directives come following a meeting chaired by Union Home Minister Amit Shah on Sunday which was attended by all Governors, Lieutenant-Governors, Chief Ministers and administrators of Union Territories.

The New Delhi Municipal Council (NDMC) and the Municipal Corporation of Delhi (MCD) will identify prominent roads like Sardar Patel Marg and Shanti Path, and important market areas in their respective jurisdictions to be decorated with the Tricolour to give a celebratory look to the entire city from August 13- 15.

The Delhi Development Authority (DDA) will carry out a similar exercise in the markets owned and controlled by it. The flyovers in the NDMC area will be illuminated in the colours of the national flag during this period, and municipal schools and hospitals will hoist the flag in their premises at a prominent location from August 13-15.

ULBs will identify important roundabouts in their area for the display of the Tricolour through different means like floral boards, flags, and illumination in the colours of the national flag, said the statement.

All the departments of the Delhi Government, apart from the MCD, NDMC, DDA and Delhi Police, have been asked by Saxena to make concerted efforts for popularising the 'Har Ghar Tiranga' initiative by ensuring maximum people's participation.

To ensure this, a special IEC campaign is scheduled to be launched on July 22 for public awareness and 'Prabhat Pheris' (early morning rounds) by school students will be organised from August 11 to August 14. In addition to these, Saxena has also issued directions to ensure that the National Flag appears on the home page of all websites of various Government departments and undertakings, with effect from July 22.

## Work to convert mined-out pits at Bhati mines into water bodies has begun: L-G

STAFF REPORTER
NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor (L-G) V K Saxena on Wednesday said the work to develop mined-out pits at the Bhatti Mines reserve forest area into water bodies has begun.

"Small steps initiate enduring changes! Had directed officials during a visit to Bhatti Mines to identify waterlogging sites in vicinity & use pipes to pump rainwater into deep mined pits. Glad this exercise to create a waterbody, raise watertable & prevent waterlogging has begun," the L-G tweeted.

The lieutenant governor had in June directed officials to develop mined-out pits in the rain shadow area of the Bhatti mines reserved forest into water bodies by linking them to neighbouring areas which persistently face waterlogging issues.

He had asked the officials to undertake a contour survey of the area to ascertain and map the flow of water in the catch-



ment which would help in the laying of channels leading up to the pits.

The district magistrate of South Delhi was directed to identify waterlogging hotspots in the vicinity so that connecting lines could be laid leading up to the pits.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------- राष्ट्रीय सहारा ATED-------------------

दैनिक भास्कर

उपराज्यपाल ने जारी किए निर्देश

## कल से 'हर घर तिरंगा' अभियान स्मरणीय बनाने के लिए निर्देश

नई दिल्ली |'आजादी के अमृत महोत्सव' के ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली को राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंग जाएगी। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत 22 जुलाई से हो रही है। इसके लिए उपराज्यपाल ने अभियान को स्मरणीय बनाने के लिए निर्देश जारी किए है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम एवं डीडीए, प्रमुख सड़कों एवं महत्वपूर्ण बाजारों को तिरंगामय किया जाएगा। शहर की प्रमुख सड़के, मार्किट, फ्लाईओवर, गोल चक्कर एवं नगर निकाय के सभी स्कूल व अस्पतालों को भी राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। नगर निकायों के सभी कर्मचारी अपने सीने पर तिरंगा लगाएंगे। इसी बाबत गृहमंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी, इसकी सफलता के लिए 22 जुलाई, 2022 को विशेष प्रचार अभियान की शुरूआत की जाएगी साथ ही 11 अगस्त से 14 अगस्त, 2022 तक स्कूली छात्रों द्वारा प्रभात फेरियां भी आयोजित की जाएंगी।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत होंगे कई कार्यक्रम : उपराज्यपाल

नई दिल्ली (भाषा)। देशभर में 22 जुलाई से शुरू हो रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान को यादगार बनाया जाएगा और इस दौरान दिल्ली में स्कूली छात्रों द्वारा 'प्रभात फेरी' निकाली जाएगी, चौराहे, बाजार तिरंगों से सजाए जाएंगे जबकि फ्लाईओवर रोशन किए जाएंगे। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को लेकर भी तैयारियां जारी हैं। बयान में कहा गया है कि शहर की प्रमुख सड़कों, बाज़ारों, फ्लाईओवर, गोल चक्करों और नागरिक एजेंसियों के स्कूलों और अस्पतालों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाया जाएगा।

यह निर्देश रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक, जिसमें सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों ने भाग लिया था, के बाद जारी किए गए। राजधानी को आकर्षक रूप प्रदान करने के लिए नयी दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) और

**प्रमुख सड़कों, बाज़ारों, फ्लाईओवर, गोल चक्करों, स्कूलों और अस्पतालों को राष्ट्रीय ध्वज से सजाया जाएगा**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सरदार पटेल मार्ग और शांति पथ जैसी प्रमुख सड़कों और अपने अधिकार क्षेत्र वाले महत्वपूर्ण बाज़ारों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगे से सजाएगी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अपने अधिकार और नियंत्रण क्षेत्र के बाजारों में इसी तरह की कवायद करेगा। इस दौरान एनडीएमसी क्षेत्र के फ्लाईओवरों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया जाएगा और 13 से 15 अगस्त तक नगर निगम के स्कूल और अस्पताल प्रमुख स्थान पर अपने परिसर में झंडा फहराएंगे।

एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और दिल्ली पुलिस के अलावा दिल्ली सरकार के सभी विभागों को उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करके 'हर घर तिरंगा' पहल को लोकप्रिय बनाने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा है। इसे सुनिश्चित करने के लिए 22 जुलाई को जन जागरूकता के लिए एक विशेष आईईसी अभियान शुरू किया जाना है और 11 अगस्त से 14 अगस्त तक स्कूली छात्रों द्वारा 'प्रभात फेरी' का आयोजन किया जाएगा।

# अब डीडीए को भी अपनी परियोजनाओं का रेरा में कराना होगा पंजीकरण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
नई दिल्ली।

दिल्ली रेरा के चेयरमैन आनंद कुमार ने कहा है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को भी अब अपनी रियल स्टेट से संबंधित परियोजनाओं का पंजीकरण कर रेरा से पास कराना होगा। जिससे खरीदारों के हितों को सुरक्षित रखा जा सके। रेरा प्रमुख ने भारतीय उद्योग परिसंघ और दिल्ली राज्य रियल स्टेट उप-समिति की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान यह बात कही।

रेरा अधिनियम के अनुरूप दिल्ली रेरा प्राधिकरण का गठन नवंबर 2018 में किया गया था। यह दिल्ली के रियल स्टेट क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के नियमन के लिए उत्तरदायी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रियल स्टेट विकास कार्यों से जुड़ा कोई भी संगठन, चाहे वह डीडीए या दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम जैसा प्राधिकरण हो। सभी को अपने भूखंडों के विकास या रियल स्टेट परियोजनाओं से जुड़े लोगों को हमारे पास पंजीकरण कराना ही होगा। डीडीए भले ही भवनों के विकास से जुड़ा हुआ है, लेकिन वह बेघर लोगों को घर बनाकर उनकी बिक्री करता है। ऐसे में परियोजनाओं के विकास में देर होती है तो खरीदार को ही नुकसान होता है। परियोजना का रेरा के यहां पंजीकरण होने पर खरीदार के हित पूरी तरह सुरक्षित होंगे और नुकसान की भरपाई डीडीए के करनी होगी।

पंजाब केसरी

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को बनाया जाए स्मरणीय: एलजी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी की 75वीं वर्षगांठ व आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिल्ली को राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। इस संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 22 जुलाई से आरंभ हो रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान को स्मरणीय बनाने का निर्देश जारी किया है।

**खास बातें...**

- एनडीएमसी, एमसीडी, डीडीए, प्रमुख सड़कों, को किया जाएगा तिरंगामय
- लुटियन जोन के फ्लाईओवरों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से किया जाएगा रोशन

इस दौरान शहर की प्रमुख सड़कें, बाजार, फ्लाईओवर, गोल चक्कर व नगर निकाय के सभी स्कूल व अस्पतालों को भी राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। नगर निकायों के सभी कर्मचारी अपने कंधे-सीने पर तिरंगा लगाएंगे। बता दें कि 'हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर गृहमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें सभी राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्य मंत्री केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों व अन्य मौजूद थे। एलजी ने एनडीएमसी व एमसीडी को ऐसी सड़कों व बाजारों की पहचान करने को कहा है जिन्हें 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगामय किया जा सके। डीडीए भी अपने क्षेत्र के बाजारों में ऐसा अभियान चलाएगी। वहीं एनडीएमसी के क्षेत्र में आने वाले फ्लाईओवरों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया जाएगा। नगर निगम के स्कूलों एवं अस्पतालों को सजा कर उनके प्रांगण में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। एलजी ने दिल्ली सरकार, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए, दिल्ली पुलिस व अन्य को 'हर घर तिरंगा' को लोकप्रिय बनाने के लिए निर्देश दिया है। 22 जुलाई को विशेष प्रचार अभियान की शुरुआत की जाएगी।